जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan


वर्ष- 57 अंक-30 जयपुर, सोमवार, 9 अगस्त, 2021 वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) पृष्ठ संख्या 4


## नीरज ने दिलाया भारत को पहला गोल्ड



टोक्यो (हमारा वतन) भारत का एथलेटिक्स में मेडल जीतने का 121 साल का इंतजार खत्म हो गया है। जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने भारत को इस स्पोर्ट्स में गोल्ड मेडल दिलाया। उन्होंने फाइनल में 87.58 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। नीरज ने पहले अटैम्प्ट में 87.03 मीटर और दूसरे अटैम्प्ट में 87.58 मीटर दूर भाला फेंका था। तीसरे अटैम्प्ट में उन्होंने 76.79 मीटर, चौथे और 5वें में फाउल और छठे अटैम्प्ट में 80 मीटर से ज्यादा थ्रो किया।

86.67 मीटर थ्रो के साथ चेक के जाकुब वेदलेच दूसरे नंबर पर रहे। वहीं 85.44 मीटर के थ्रो के साथ चेक के वितेस्लाव वेसेली तीसरे नंबर पर रहे। नीरज ने क्वालिफाइंग राउंड में 86.65 मीटर थ्रो किया था और अपने ग्रुप में पहले नंबर पर रहे थे। भारत का यह अब तक का सबसे सफल ओलिंपिक बन गया है। भारत ने इसमें 1 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज समेत कुल 7 मेडल जीते। 2012 लंदन ओलिंपिक में 6 मेडल जीते थे।



## तीज का त्यौहार



योगिता शर्मा
जयपुर

झूम झूम कर सावन आया
संग अपने हरियाली तीज लाया
गाँवों में मेला है सजाया
निकली है तीज की सवारियां
जगह जगह है औरतों की टोलियां
कर रही मन मौजियाँ
हाथों में रचाई है मेहंदी
किया है सौलह श्रृंगार
झूम झूम कर सावन आया
संग अपने हरियाली तीज लाया
आज है तीज का त्यौहार
डाल डाल झूलें हैं डाले
मन भी मार रहा हिचकोले
कुमारियाँ पूजती शिव वर पाने को
सुहागिने पूजती ऐश्वर्य पाने को
बच्चे चहकते घेवर खाने को
झूम झूम कर सावन आया
संग अपने हरियाली तीज लाया
भंवरों ने गीत है गुनगुनाया
तितलियों ने भी नाच है दिखाया
कोने कोने में हरियाली है छाई
मानो प्रकृति है मुस्काई
तीज का यह त्यौहार
लाया सबके लिए खुशियां अपार

## अब खिलाड़ियों को मिलेगा मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार



नई दिल्ली (हमारा वतन) केंद्र सरकार ने खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदल दिया है। अब इसे मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के नाम से जाना जाएगा। इससे पहले इसे राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के नाम से जाना जाता था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट के जरिए इसकी जानकारी दी। पीएम मोदी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद भारत के उन अग्रणी खिलाड़ियों में से थे, जिन्होंने भारत को दुनियाभर में सम्मान और गौरव दिलाया। यह बिल्कुल ठीक है कि हमारे देश के सर्वोच्च खेल सम्मान का नाम उन्हीं के नाम पर रखा जाए।

**देश का सबसे बड़ा खेल सम्मान**

खेल रत्न अवॉर्ड देश का सबसे बड़ा खेल सम्मान है। पहली बार यह पुरस्कार 1991-92 में दिया गया था। इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है । अवॉर्ड पाने वाले खिलाड़ी का चयन कई मापदंडो के आधार पर होता है। यह पुरस्कार जीतने वाला खिलाड़ी किसी भी खेल से हो सकता है। इसे जीतने वाले खिलाड़ी को प्रशस्ति पत्र, अवॉर्ड और 25 लाख रुपए की राशि दी जाती है । अब तक कुल 43 खिलाड़ियों को यह पुरस्कार दिया जा चुका है।

### खेल रत्न से नवाजे गए खिलाडी

1. 1991-92 में विश्वनाथन आनंद, शतरंज
2. 1992-93 में गीत सेठी, बिलियर्ड्स
3. 1993-94 में होमी मोतीवाला, नौकायन
4. 1993-94 में पुष्पेंद्र कुमार गर्ग, नौकायन
5. 1994-95 में कर्नम मल्लेश्वरी, भारत्तोलन
6. 1995-96 में एन. कुंजरानी, भारत्तोलन
7. 1996-97 में लिएंडर पेस, टेनिस
8. 1997-98 में सचिन तेंदुलकर, क्रिकेट
9. 1998-99 में जे. सिकदर, एथलेटिक्स
10. 1999-2000 में धनराज पिल्लै, पुरुष हॉकी
11. 2000-01 में पुलेला गोपीचंद, बैडमिंटन
12. 2001 में अभिनव बिंद्रा, शूटिंग
13. 2002 में केएम बीनामोल, एथलेटिक्स
14. 2002 में अंजलि भागवत, शूटिंग
15. 2003 में अंजु बॉबी जॉर्ज, एथलेटिक्स
16. 2004 में राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, शूटिंग
17. 2005 में पंकज आडवाणी, बिलियर्ड्स और स्नूकर
18. 2006 में मानवजीत सिंह संधू, शूटिंग
19. 2007 में महेंद्र सिंह धोनी, क्रिकेट
20. 2009 में मेरीकॉम, बॉक्सिंग
21. 2009 में विजेंदर सिंह, बॉक्सिंग
22. 2009 में सुशील कुमार, कुश्ती
23. 2010 में सायना नेहवाल, बैडमिंटन
24. 2011 में गगन नारंग, शूटिंग
25. 2012 में विजय कुमार, शूटिंग
26. 2012 में योगेश्वर दत्त, कुश्ती
27. 2013 में रंजन सोढ़ी, शूटिंग
28. 2015 में सानिया मिर्जा, टेनिस
29. 2016 में पीवी सिंधु, बैडमिंटन
30. 2016 में दीपा करमाकर, जिम्नास्टिक्स
31. 2016 में जीतू राय, शूटिंग
32. 2016 में साक्षी मलिक, कुश्ती
33. 2017 में देवेंद्र झांझरिया, पैरालंपिक जैवलिन
34. 2017 में सरदार सिंह, पुरुष हॉकी
35. 2018 में एस. मीराबाई चानू, भारत्तोलन
36. 2018 में विराट कोहली,क्रिकेट
37. 2019 में दीपा मलिक, पैरालंपिक शॉटपुट, जैवलिन, अन्य
38. 2009 में बजरंग पुनिया, कुश्ती
39. 2020 में रोहित शर्मा, क्रिकेट
40. 2020 में मरियप्पन थंगावेलु, पैरालंपिक हाई जंप
41. 2020 में मनिका बत्रा, टेबल टेनिस
42. 2020 में विनेश फोगाट, कुश्ती
43. 2020 में रानी रामपाल, महिला हॉकी

## अब दुपहिया वाहन की खरीद पर मिलेगा निःशुल्क हेलमेट

जयपुर (हमारा वतन) अब प्रदेश में दुपहिया वाहन खरीदने वालों को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्थापित मानकों का हेलमेट भी निःशुल्क मिलेगा। इस संबंध में परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के दिशा-निर्देशन में परिवहन विभाग द्वारा गुरूवार को एक आदेश जारी किया गया। इसके तहत सभी प्रादेशिक और जिला परिवहन अधिकारियों को आदेशों की पालना वाहन निर्माताओं, डीलर्स से सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया है। खाचरियावास ने बताया कि प्रदेश में दुपहिया वाहनों चालकों की सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता सड़क सुरक्षा है। इसलिए वाहन क्रेताओं को हेलमेट उपलब्ध कराने के लिए आदेश जारी हुए हैं। उन्होंने बताया कि हेलमेट निःशुल्क उपलब्ध कराने के संबंध में 5 फरवरी 2020 को हुई बैठक में फैडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने सहमति



प्रदान की थी। वाहन विक्रेता वाहन के प्रथम विक्रय के समय मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा नियम 129 के तहत हेलमेट उपलब्ध कराने हैं। वाहन निर्माताओं, डीलर्स द्वारा प्रावधानों की पालना नहीं करना सड़क सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत गंभीर दोष की श्रेणी में आता हैं। विक्रय के समय हेलमेट उपलब्ध नहीं कराने पर विक्रेताओं के विरूद्ध नियमानुकूल कार्यवाही की जायेगी।

## तेलुगु फिल्म अदाकारा कृति गर्ग को लेकर प्रदेश के महिला संगठनों ने लिया ये फैसला

जयपुर (हमारा वतन) कौशल शिक्षा केंद्र समिति के कार्यालय चौड़ा रास्ता में तेलुगु फिल्म अदाकारा कृति गर्ग की फेसबुक आईडी हैक होने व उस पर अश्लील फोटो लगातार डाले जाने के मामले को लेकर प्रदेशभर के महिला संगठनों ने एक बैठक आयोजित की ।

बैठक में महिला संगठनों ने एक संयुक्त संघर्ष समिति का गठन किया व आगामी दिनों के लिए कई अहम फैसले लिए । बैठक में कृति गर्ग के पिता संजय गर्ग को भी साथ में बुलाया गया । संजय गर्ग ने संगठनो के जिम्मेदारों को पूरा मामला विस्तार से समझाया और राजस्थान पुलिस के जयपुर कमिश्नरेट में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम क्राइम अजय पाल लांबा को दिए हुए ज्ञापन के बारे में और उनसे मुलाकात के बारे में भी अवगत करवाया साथ ही जो चल रही कार्यवाही यों के बारे में संजय गर्ग ने सभी संगठनों को बताया ।



महिला संगठन के जिम्मेदारों ने कृति के पिता की बात सुनने के बाद में फैसला लिया फेसबुक के खिलाफ प्रदेश व्यापी आंदोलन शुरू किया जाएगा जिसमें धरना प्रदर्शन रैलियां और पुतला दहन जैसे कार्यक्रम सभी जिला मुख्यालयों पर किए जाएंगे, क्योंकि यह मामला एक महिला एक बेटी के साथ जुड़ा हुआ है फेसबुक पर आए दिन महिलाओं की आईडी हैक होती रहती हैं और फेसबुक उन हैकर्स के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करता है । कुछ महिलाएं डरकर बैठ जाती हैं जिससे हैकर्स के हौसले बुलंद हो रहे हैं । संगठनों के जिम्मेदारों ने कहा इसके साथ साथ कानूनी कार्यवाही भी कोर्ट के जरिए फेसबुक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी ।

# यूईएम जयपुर के स्टूडेंट को मिला 72 लाख का वार्षिक पैकेज




जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान प्रदेश में लॉकडाउन के दौरान भी यूईएम जयपुर के स्टूडेंट को 72 लाख का वार्षिक पैकेज मिला है । यह जानकारी यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम) जयपुर द्वारा यूनिवर्सिटी कैंपस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई । विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. बिस्वजोय चटर्जी ने बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य सभी को यह समझाना है कि कैसे यूईएम ने कोरोना महामारी के दौरान छात्रों के लिए प्लेसमेंट के अवसरों को क्रियान्वित किया और भविष्य में प्लेसमेंट को कैसे मजबूत किया जा सकता है।

**यूईएम जयपुर का प्लेसमेंट 2021 में सबसे अच्छा रहा**

डॉ. चटर्जी ने कहा कि यूईएम, जयपुर का प्लेसमेंट पिछले वर्षों की तुलना में वर्ष 2021 (महामारी के दौरान) में सबसे अच्छा रहा है । क्योंकि संकट एक अवसर की तरह है। 2019 में प्लेसमेंट प्रदान करने का एक अलग तरीका था । जैसे कॉलेजों को पहले प्लेसमेंट के लिए कंपनियों को बुलाना होगा और फिर कंपनी कैंपस प्लेसमेंट शेड्यूल करके इंटरव्यू आयोजित करती थी तथा उसके बाद वे 2-3 सप्ताह में परिणाम की घोषणा करते थे। तत्पश्चात चयनित छात्रों को नियुक्ति पत्र भेजे जाते थे । इस प्रक्रिया में बहुत समय लगता था और छात्रों के लिए सीमित प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध थे। इसके अलावा केवल आस-पास की कंपनियाँ ही आसानी से पहुँच पाती थीं और दूर-दराज की कुछ ही कंपनियाँ प्लेसमेंट के लिए पहुँच पाती थीं 7 जिसके कारण अच्छी नौकरियों के बहुत सीमित अवसर ही उपलब्ध थे। लेकिन वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना महामारी के दौरान ऑनलाइन प्लेसमेंट की उपलब्धता के कारण छात्रों को अधिक अवसर उपलब्ध हुए और छात्र बिना समय बर्बाद किए पूरे भारत के साथ-साथ विदेशों में भी नौकरी के अवसर प्राप्त करने में सफल रहे।

**यूईएम स्टूडेंट को मिला 72 लाख का वार्षिक पैकेज**

वर्ष 2021 में यूईएम जयपुर के छात्र को अटलांटा (यूएसए) के गीगा डेटा सेंटर से बहुत अधिक वेतन के साथ नौकरी मिली, जो 72 लाख का वार्षिक पैकेज था। वर्ष 2022 के लिए प्लेसमेंट भी शुरू हो गया है, जो पूरे राज्य में किसी भी अन्य कॉलेज और विश्वविद्यालय से काफी आगे है। यूनिवर्सिटी के छात्र श्रेयसम घोषाल को सिंगापुर की एक कंपनी ने 7 लाख रुपये सालाना और एक अन्य छात्र तन्मय कर्माकर को दुबई की एक कंपनी ने 7-8 लाख रुपये सालाना सैलरी ऑफर की है 7 ये सभी छात्र अपने अध्ययन के अंतिम वर्ष में हैं और भारत में रहते हुए सिंगापुर और दुबई की कंपनियों के लिए काम करेंगे।

**महामारी में विदेशों से नौकरी के अवसर बढे**

प्रोफेसर चटर्जी ने बताया कि साल 2018, 2019 और 2020 में जहां सबसे ज्यादा सैलरी 40 लाख तक थी, वहीं साल 2021 में 72 लाख तक पहुंच गई, एक स्टूडेंट को 3-4 जॉब ऑफर मिलते थे 7 वही अब यह आंकड़ा बढ़कर 9 जॉब ऑफर तक पहुंच चुका है तथा औसत वेतन भी लगभग 3 से 3.50 लाख प्रति वर्ष से शुरू होता था, जो अब बढ़कर 4 से 4.50 लाख प्रति वर्ष से शुरू हो रहा है 7 साथ ही ऑनलाइन प्लेसमेंट मे विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव प्राप्त करने के और अधिक सुनहरे अवसर प्रदान किये जा रहे हैं।

**ऑनलाइन पढ़ाई से बढे अवसर**

यूईएम जयपुर के रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) प्रदीप शर्मा ने बताया कि आज अधिकांश छात्र ऑनलाइन पढ़ाई को महत्व दे रहे हैं, 80% से अधिक छात्र ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से अध्ययन करना चाहते हैं। क्योंकि इन सभी छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से विदेशों से कई तरह के कोर्स करने का मौका मिल रहा है जो उनके केरीयर के लिए वरदान साबित हो रहे हैं, साथ ही ऑनलाइन प्लेसमेंट सुविधा ने साबित कर दिया कि यह सही है। मिश्रित शिक्षा का अर्थ है कि विद्यार्थी कहीं भी, कभी भी, चाहे वह घर से बाहर ही क्यों न हो, अध्ययन कर सकता है। वर्तमान समय के अनुसार विद्यार्थी के लिए यह सब बहुत महत्वपूर्ण है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि आज ऑनलाइन माध्यम से छात्र द्वारा की जाने वाली पढ़ाई के स्तर का भी तुरंत मूल्यांकन किया जा सकता है 7 पहले यह सब 6 महीने में एक बार होता था 7 ऑनलाइन कक्षा में शिक्षक छात्रों की कक्षा के बाद एक ऑनलाइन परीक्षा लेता है और छात्र भी अपना उत्तर ऑनलाइन जमा करते हैं, ताकि यह तुरंत पता चल सके कि छात्र की समझ का स्तर क्या है ? छात्र ने विषय को अच्छी तरह से समझा है या नहीं।

**इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल को मिला तीसरा स्थान**

विश्वविद्यालय के डीन प्रो. डॉ. अनिरुद्ध मुखर्जी ने कहा कि एमएचआरडी द्वारा राजस्थान में यूईएम जयपुर की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल को तीसरा स्थान दिया गया है। यह 2019 में बिट्स पिलानी और राजस्थान विश्वविद्यालय राजस्थान से आगे था। इसके अलावा, यूईएम जयपुर को 2019 और 2020 में विश्वविद्यालय द्वारा सबसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार - क्यूएस गोल्ड और अच्छे प्लेसमेंट के लिए डायमंड श्रेणी से सम्मानित किया गया है। यूईएम जयपुर को यह पुरस्कार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समग्र अच्छे प्रदर्शन के लिए दिया गया था।

प्रोफेसर डॉ. चटर्जी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कक्षाओं को भौतिक रूप से खोलने और उनके सुचारू संचालन के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं 7 विश्वविद्यालय सोशल डिस्टेंसिंग और कोविड प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन के साथ सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी ऑफ़लाइन कक्षाओं को फिर से शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। विश्वविद्यालय अस्पताल में 24 घंटे एक डॉक्टर उपलब्ध रहता है। उन्होंने बताया कि जब तक सभी छात्र सरकार की अनुमति से ऑफलाइन कक्षाओं में भाग लेने के लिए तैयार नहीं हो जाते, तब तक कक्षाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से संचालित की जाएंगी।

इस दौरान विश्वविद्यालय के परियोजना उप निदेशक संदीप अग्रवाल ने बताया कि प्रेस वार्ता के दौरान प्लेसमेंट विभाग के मैनेजर कॉर्पोरेट रिलेशन सचिन पांडेय, प्रो. (डॉ.) मृणाल कांति सरकार, प्रो. उमेश गुरनानी, प्रो. संदीप दास, प्रो. राहुल शर्मा, प्रो. सुब्रो चक्रवर्ती, प्रो. (डॉ.) प्रीति शर्मा, प्रो. शांतनु शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## पं. रविंद्राचार्य को मिला बेस्ट इंटरनेशनल एस्ट्रोलोजर का अवार्ड



जयपुर मुंबई (हमारा वतन) दादा साहेब फाल्के आइकॉन अवार्ड फिल्म द्वारा मुंबई के बांद्रा वेस्ट स्थित 'रंग शारदा ऑडिटोरियम' में आयोजित द्वितीय छत्रपति शिवाजी महाराज गौरव अवार्ड 2021 में तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पं. रविंद्राचार्य को 'बेस्ट इंटरनेशनल एस्ट्रोलोजर' का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

पं. रविंद्र आचार्य को यह अवार्ड अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्योतिष के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया । गौरतलब है कि पं. रविंद्र आचार्य अपनी सटीक भविष्यवाणियों से विश्व प्रसिद्ध हैं । अब तक कई भविष्यवाणियाँ सिद्ध हो चुकी हैं ।

समारोह में में राजपाल यादव कॉमेडी एक्टर, ऋषभ राणा ,शरद मल्होत्रा ,अंजुम फेक, फारुख खान अमेरिका, कॉमेडी एक्टर एहसान कुरेशी, भाभीजी घर पर है के सभी एक्टर्स टीम, संजय गंगनानी, रूपल पटेल, सुप्रिया शुक्ला, कलीबली डि हर्वे दूतावास , जान कुमार, सानू सिंगर, एजाज खान, डोली बिंद्रा, भोजपुरी कलाकार देव सिंह ,छत्तीसगढ़ से अजय साहि, रेखा राव सिंगर, इंटरनेशनल एंकर सिमरन आहूजा, पायल घोष और चारुल मलिक सहित नामी हस्तियां मौजूद रही । कार्यक्रम संयोजक कल्याणजी जाना ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट ने किया कर्मवीर कोरोना योद्धाओं का सम्मान

जयपुर (हमारा वतन) राजधानी जयपुर स्थित होटल ग्रांड सफारी में चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा कर्मवीर कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया । चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं फाउंडर डॉक्टर चंद्रकला गोठवाल ने बताया कि कोरोना महामारी के दौरान इसके बचाव कार्य, वैक्सीनेशन कार्य और जरुरतमंदों की सेवा में विशेष योगदान देने वाले लोगों का सम्मान किया ।

समारोह का शुभारम्भ गणेशजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया । मुख्य अतिथि डॉक्टर परीन सोमानी (यू के), डॉ. पूजा पारीक, सोनू छाबड़ा ,वरिष्ठ अभिनेत्री और नृत्य गुरु उषा श्री, डॉ



प्रेम लता सांड, बबीता शर्मा, संध्या , कल्पना , आशा पटेल द्वारा कोरोना योद्धाओं को प्रशस्ति पत्र और एक तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान गोधा राम कुलदीप, सुरेश कुमार बिलोनिया, मोहनलाल मुंडोतिया, राजकुमार वर्मा, भारत सिंह, लक्ष्मी सपेरा, राहुल सेन, आशा पटेल , इंद्र वशिष्ठ,लक्ष्मी सपेरा सहित 51 कर्मवीर योद्धाओं का सम्मान किया गया ।

सभी सम्मानित लोगों द्वारा कोराना काल में निः शुल्क भोजन ,मास्क, सैनिटाइजर वितरण, वेक्सिनेशन करने वाले , मरीजों को अस्पताल पहुंचाने आदि का सेवा कार्य किया गया था ।

गौरतलब है कि हाल ही में चंद्रकला चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से होटल आमेर क्लार्क में 55 हस्तियों को राष्ट्र रत्न से सम्मानित किया गया था।

### सुविचार




## रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

बस्सी (हमारा वतन) रक्त दान जीवनदान फाउंडेशन के द्वारा सर्व समाज स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन राजकीय बालिका विद्यालय टहटडा जटवाड़ा, बस्सी में किया गया । शिविर संयोजक मोहन लाल शेखावाला और सह संचालक राजेंद्र चौधरी (मांदी) फागी ने बताया कि रक्त दान जीवनदान फाउंडेशन के तत्वाधान में सर्व समाज द्वारा राजकीय बालिका विद्यालय टहटडा जटवाड़ा में स्वैच्छिक रक्त दान शिविर आयोजित किया । शिविर में कुल 104 रक्त दाताओ ने रक्त दान किया ।

शिविर आयोजन में सर्व समाज के युवा साथियों का योगदान रहा । ग्राम पंचायत टहटडा, जटवाड़ा तह बस्सी में हर वर्ष ब्लड डोनेशन कैम्प लगाया जाता है । अगले वर्ष हंसमहल, गोठडा, भेटेरी, बडवा, पडासौली, धामस्या इन गाँवों में भी कैम्प का आयोजन किया जायेगा । इस दौरान नव दम्पती आरती चौधरी और गणेश चौधरी (निवासी जटवाडा) जोड़े से रक्त दान कर युवाओं का होंसला बढाया। रक्त दान शिविर का आयोजन स्व. संजय पारीक, स्व. मनोज कुमार शर्मा सर्व.






रमेश चौधरी की याद में किया गया ।

इस अवसर पर केदार चौधरी, अभय चौधरी, राकेश चौधरी, अशोक देवा, हेमराज गोठडा , मनीष जटवाड़ा, रमेश गुरुजी, राजेन्द्र चौधरी ( मान्दी ) सहित युवा साथियों ने प्रत्येक रक्त दाता को केले, ज्यूस, सेव, कॉफी, हेलमेट, सम्मान पत्र भेंट कर आभार प्रकट किया ।जीवनदाता ब्लड बैंक की तरफ से श्याम बाबा की प्रतिमा भेंट की गई।

## जॉब्स

1. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एसएससी), पद कांस्टेबल जीडी, पद संख्या 25271 अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021
2. सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), पद हेड कांस्टेबल, पद संख्या 115, अंतिम तिथि 22 अगस्त 2021
3. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद सिविल जज (पीसीएसजे), पद संख्या 120, अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021
4. इंडियन आर्मी, पद प्रादेशिक आर्मी ऑफिसर, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 19 अगस्त 2021
5. आईडीबीआई बैंक, पद एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 920, अंतिम तिथि 18 अगस्त 2021
6. एग्रीकल्चर साइंटिस्ट रिक्रूटमेंट बोर्ड (ए एस आर बी) पद एडमिनिस्ट्रेटिव फाइनेंस और अकाउंट ऑफिसर, पद संख्या 65, अंतिम तिथि 23 अगस्त 2021
7. नेशनल हेल्थ मिशन उत्तर प्रदेश, पद सी एच ओ, पद संख्या 797, अंतिम तिथि 17 अगस्त 2021
8. नॉर्थ सेंट्रल रेलवे एनसीआर, पद अपरेंटिस, पद संख्या 1664, अंतिम तिथि 1 सितंबर 2021

## फिल्म इंडस्ट्री को लेकर छलका सपना चौधरी का दर्द, बोलीं- छोटी ड्रेस पहने पर मिलता है ऑफर,डिजाइनर नहीं देते कपड़े

हरियाणा की मशहूर डांसर सपना चौधरी हमेशा अपनी डांस वीडियो की वजह से खबरों में छाई रहती हैं। वह अक्सर अपनी डांस वीडियो से सोशल मीडिया पर कहर बरपाती रहती हैं। हालांकि इस बार सपना के खबरों में आने की वजह कुछ और ही है। दरअसल,सपना फिल्म इंडस्ट्री पर भेदभाव का आरोप लगाया। साथ ही साथ उन्होंने ये भी कहा कि वह एक्टिंग करना चाहती हैं लेकिन उन्हें मौका नहीं मिल रहा है कि वह खुद को साबित करें।



**फिल्म इंडस्ट्री में ब्रेक पाने के लिए तरस गई हैं सपना चौधरी-** डांसिंग क्वीन सपना ने बात करते हुए अपने दिल का दर्द बयां किया है। सपना फिल्म और टीवी शो में एक्टिंकर करने की इच्छा जाहिर करते हुए कहती हैं, मैं लोकल सिनेमा का हिस्सा हूं, इसलिए मुझे भाव नहीं दिया जा रहा है। वह कहती हैं कि इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर भी नहीं है, इसलिए मुझे यहां मौका तलाशने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। वह आगे कहती हैं, मुझे मुझे इंडस्ट्री में 15 साल होने वाले हैं, लेकिन आज भी मुझे अपना टैलेंट दिखाने का मौका नहीं मिला। मैं हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में ब्रेक पाने के लिए तरस गई हूं।

**छोटे कपड़े पहनने पर ही मिलता है मौका-**सपना ने आगे कहा, मैं ऐसे कपड़े नहीं पहनना चाहती, जिसमें मेरा शरीर दिखे या मैं खुद को एक्सपोज करूं। दूसरी बात यह कि ना ही मुझे फर्राटेदार अंग्रेजी बोलनी आती है। कई बार इस वजह से भी मेरे लिए मुश्किल हो जाती है। छोटे कपड़े पहनने से इनकार करती हूं तो बड़े ऑफर नहीं मिलते।

# भारतीय महिलाओं की बोन्स को है एक्स्ट्रा केयर की जरूरत

भारतीय महिलाएं हड्डियों की स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं, और इसलिए शुरुआत से ही इसकी देखभाल करना महत्वपूर्ण है। लेकिन चिंता मत करिए! नेशनल बोन एंड जॉइंट डे पर, यहां कुछ तरीके दिए गए हैं, जिनसे आप अभी भी अपनी हड्डियों के स्वास्थ्य पर थोड़ा और ध्यान दे सकती हैं।हड्डियां हमारे शरीर में कई भूमिकाएं निभाती हैं संरचना प्रदान करना, अंगों की रक्षा करना, मांसपेशियों को सही रखना और कैल्शियम का भंडार करना। जहां बचपन और किशोरावस्था में मजबूत और स्वस्थ हड्डियों का निर्माण महत्वपूर्ण है, वहीं वयस्क जीवन के दौरान भी अपनी हड्डियों की देखभाल करना महत्वपूर्ण है। खासकर 30 साल की उम्र के बाद महिलाओं की हड्डियों से कैल्शियम कम होने लगता है। उनका दैनिक आहार उनकी आवश्यकता को पर्याप्त रूप से पूरा नहीं कर सकता है। लेकिन, भारतीय महिलाओं को हड्डियों की समस्याओं का अधिक खतरा होता है। इसलिए सक्रिय जीवन जीने के लिए उन्हें स्वस्थ रखने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है।यहां कुछ दिलचस्प तथ्य दिए गए हैं कि महिलाओं को अपने हड्डियों के स्वास्थ्य के बारे में अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता क्यों है

**क्यों जरूरी है हड्डी के स्वास्थ्य पर ध्यान देना?**

1. कमज़ोर हड्डियां, छोटी हड्डियां और छोटे शरीर के कारण फ्रैक्चर जोखिम ज्यादा रहता है। पश्चिम में महिलाओं की तुलना में, भारतीय महिलाओं में हड्डियों का द्रव्यमान या हड्डियों की ताकत कम होती है। साथ ही, जिन महिलाओं की हड्डियां छोटी और पतली होती हैं, उनमें ऑस्टियोपोरोसिस से संबंधित फ्रैक्चर का खतरा अधिक होता है।

**2. भारतीय महिलाओं में प्रारंभिक रजोनिवृत्ति उनकी हड्डियों को जल्दी और तेजी से कमजोर कर सकती है-**महिलाओं को मासिक धर्म चक्र हार्मोन एस्ट्रोजन के कारण मिलता है। यह हार्मोन हड्डियों के विकास और मजबूती के लिए बहुत जरूरी है। जब इस हार्मोन का स्तर कम हो जाता है तो महिलाओं को मेनोपॉज हो जाता है। पश्चिमी महिलाओं की तुलना में भारतीय महिलाओं को रजोनिवृत्ति का अनुभव पहले होता है। यह भारतीय



महिलाओं में हड्डियों की ताकत का जल्दी और तेजी से नुकसान का कारण बनता है।

**3. महिलाएं उन खाद्य पदार्थों का सेवन कम करती हैं जो मजबूत हड्डियों के लिए पोषक तत्व प्रदान करते हैं-**पुरुषों की तुलना में, भारतीय महिलाओं में कैल्शियम युक्त खाद्य पदार्थों जैसे दूध और दही का नियमित रूप से सेवन करने की संभावना कम होती है। इसके अतिरिक्त, पुरुषों की तुलना में महिलाओं में मांस, मछली और अंडे का सेवन करने से परहेज करने की अधिक संभावना है, जबकि ये ऐसे खाद्य पदार्थ हैं जो मजबूत हड्डियों के लिए पोषक तत्व प्रदान करते हैं।

## इस मौसम में जरूर खाने चाहिए करौंदे

### जानिए क्यों हैं ये लाभदायक

मानसून का गड़बड़ मौसम अगर आपके पेट के लिए मुश्किल भरा होता है, तो आपको अपने आहार में करौंदे को शामिल करना चाहिए। गर्मियों के मौसम में आने वाला फल करौंदा अधिकांश भारतीय घरों में रोज दाल या सब्जी के साथ खाया जाता है। मुझे यह बेहद पसंद है, मगर मेरी मम्मी इसे बनाने में आनाकानी करती थीं। परंतु, जब मैंने कल खाने की मेज पर करौंदे देखे तो मुझे आश्चर्य हुआ!.. मैंने पूछा तो उन्होंने कहा कि आज ही पड़ोस वाली आन्टी ने उन्हें इसके फायदे बताए इसलिए, आज खाने की टेबल पर करौंदा मौजूद है। मम्मी ने कहा कि, उन्हें पता चला कि करौंदे बेहद स्वास्थ्यवर्धक हैं, फिर चाहे सब्जी के रूप में खाए जाएं या चटनी बनाकर। इसे थोड़ा बहुत अवश्य खाना चाहिए, क्योंकि यह कई तरह के रोगों में भी फायदेमंद है। मुझे सुनकर खुशी हुई कि स्वाद बढ़ाने के साथ ङ्क साथ यह खट्टा फल सेहतमंद भी है!

**विज्ञान भी मानता है करौंदे के लाभ-**इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हॉर्टिकल्चर रिसर्च के अनुसार करौंदे एनीमिया रोग में फायदेमंद हैं। इसके अलावा, करौंदा फल में फ्लेवोनोइड्स, एल्कलॉइड्स, टैनिन्स, कैरिसोन और ट्राइटरपीनोइड्स जैसे असंख्य एंटीऑक्सीडेंट होतेहैं, जो एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटीपायरेटिक, कार्डियोटोनिक और एनाल्जेसिक लक्षणों जैसे महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करते हैं।

**पेट दर्द कम करते हैं करौंदे-**फाइबर से भरपूर करौंदे पेट की समस्याओं के इलाज के लिए बेहद फायदेमंद है। इसका सेवन करने से पेट के ऊतकों को आराम मिलता है और अपच, गैस और सूजन को खत्म करने में मदद मिलती है।

# कृष्णा श्रॉफ

## ने फोटोशूट के लिए खोली जींस की बटन, तस्वीरें देख फैंस बोले- हाय गर्मी



कृष्णा श्रॉफ ने ब्लैक ड्रेस में अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह सिर और कमर पर हाथ रखकर पोज दे रही हैं। दूसरी तस्वीर में वह अपनी जींस के बटन को खोलकर पोज दे रही हैं।बॉलिवुड ऐक्टर टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ भले ही फिल्म इंडस्ट्री से दूर हो लेकिन सोशल मीडिया पर वह अपने फोटोज और वीडियोज से हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में कृष्णा श्रॉफ ने मैगजीन कवर के लिए फोटोशूट करवाया था और इसकी तस्वीरें शेयर की थी। उन्होंने एक बार फिर अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर आप अपनी पलकें नहीं झपका पाएंगे।कृष्णा श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ब्लैक ड्रेस में अपनी दो तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें वह बेहद ही खूबसूरत नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में वह सिर और कमर पर हाथ रखकर पोज दे रही हैं। दूसरी तस्वीर में वह अपनी जींस के बटन को खोलकर पोज दे रही हैं। फैंस कृष्णा श्रॉफ का बोल्ड अवतार देखकर क्रेजी हुए जा रहे हैं और जमकर कॉमेंट कर रहे हैं। कृष्णा श्रॉफ इन दिनों अलग-अलग मैगजीन कवर के लिए फोटोशूट करवा रही हैं।

## बिग बॉस ओटीटी टीवी की ये मशहूर अभिनेत्री करेंगी शो में एंट्री, कहा- 'तुम्हें मुझसे जरूर प्यार हो जाएगा'

'बिग बॉस ओटीटी' शुरू होने से पहले जबरदस्त बज क्रिएट किए हुए है। शो के डिजिटल वर्जन को फिल्ममेकर करण जौहर होस्ट करेंगे। बाद में जब टीवी पर इसका प्रसारण होगा तब सलमान खान ही होस्ट रहेंगे। अभी तक मेकर्स ने कई कंटेस्टेंट का खुलासा कर दिया है। नेहा भसीन, करण नाथ, राकेश बापट के बाद एक और नाम पर मुहर लग गई है। पिछले कई दिनों से टीवी की इस एक्ट्रेस के नाम की चर्चा थी। अब पहली बार एक्ट्रेस का वीडियो आया है। जी हां, टीवी अभिनेत्री रिद्धिमा पंडित 'बिग बॉस ओटीटी' में हिस्सा लेंगी।



**प्रोमो वीडियो में दिखाया दम-** मेकर्स की ओर से जो वीडियो रिलीज किया गया है उसमें रिद्धिमा का पूरा चेहरा तो नहीं दिखाया गया है लेकिन जो उनके फैंस है उन्हें वीडियो में पहचानते देर नहीं लगेगी। रिद्धिमा को टीवी की क्वीन के नाम से इंट्रोड्यूस किया गया है। रिद्धिमा पंडित वीडियो में कहती हैं, 'बिग बॉस ओटीटी के विनर से बचकर रहना।' आगे वह कहती हैं, 'तुम्हें मुझसे जरूर प्यार हो जाएगा।'

**टीवी शोज-**31 वर्षीय रिद्धिमा टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने सीरियल 'बहू हमारी रजनी कांत' से डेब्यू किया था। अपनी परफॉर्मेंस से रिद्धिमा ने लाखों लोगों का दिल जीत लिया।






## टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बनने पर अनिल कुंबले ने जेम्स एंडरसन को कुछ ऐसे दी बधाई

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट खेला जा रहा है। इस मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने एक नया कीर्तिमान अपने नाम कर लिया। एंडरसन भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल को आउट करने के साथ ही टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज बन गए। इंग्लिश तेज गेंदबाज ने इस मामले में भारत के दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले को पीछे छोड़ दिया है। उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए कुंबले ने अब एंडरसन को बधाई दी है। एंडरसन के नाम अब टेस्ट क्रिकेट में 621 विकेट हो गए हैं और अब उनसे आगे सिर्फ मुथैया मुरलीधरन (800 विकेट) और शेन वॉर्न (708) ही हैं। एंडरसन की इस शानदार उपलब्धि पर कई पूर्व क्रिकेटरों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों की लिस्ट में अब कुंबले का नाम भी शामिल हो गया है। पूर्व स्पिनर कुंबले ने एंडरसन को बधाई देते हुए ट्विटर पर लिखा, बधाई जेम्स एंडरसन। एक तेज गेंदबाज को वहां तक पहुंचते देखना वाकई ही बहुत शानदार है। इंग्लैंड का लीजेंड।कुंबले के नाम 619 विकेट हैं। कुंबले ने 132 मैचों में ये विकेट लिए थे जबकि एंडरसन को 163 मैच में कुंबले को रिकॉर्ड को तोड़ा। इस मैच की बात करें, तो एंडरसन ने अभी तक चार विकेट ले लिए हैं। जिम्मी ने मैच के दूसरे दिन चेतेश्वर पुजारा और कप्तान विराट कोहली को आउट कर अनिल कुंबले के रेकॉर्ड की बराबरी की थी। ये दोनों ही विकेट उन्होंने 41वें ओवर में लगातार दो गेंदों में लिए थे। आज उन्होंने केएल राहुल और शार्दुल ठाकुर को आउट किया। कुंबले के पूर्व टीम के साथी वीवीएस लक्ष्मण ने भी एंडरसन को उनकी उपलब्धि के लिए दिल को छू लेने वाला ट्वीट किया है।

## परिवार पर जातिगत टिप्पणी के आरोपों पर वंदना कटारिया ने क्या कहा



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड वंदना कटारिया ने ओलंपिक सेमीफाइनल में अर्जेंटीना के खिलाफ हार के बाद उनके परिवार के खिलाफ की गई कथित जातिवादी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया करने से इंकार करते हुए कहा कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।सिडकुल पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय टीम की बुधवार को सेमीफाइनल में अर्जेंटीना के हाथों हार के बाद दो व्यक्ति हरिद्वार के रोशनाबाद क्षेत्र में स्थित वंदना के घर के आगे मजाक उड़ाने के लिए नाचने लगे और उन्होंने आतिशबाजी भी की। अधिकारी ने बताया कि जब कटारिया के परिवार के कुछ लोग शोर सुनकर बाहर आए तो इन दोनों ने उनके लिए जातीय टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि टीम इसलिए हारी क्योंकि उसमें बहुत अधिक दलित खिलाड़ी थे। कटारिया ने कांस्य पदक के मैच में टीम की ग्रेट ब्रिटेन के हाथों 3-4 से हार के बाद कहा, मैं इस मामले में टिप्पणी नहीं करना चाहती हूं। मैंने इस बारे में सुना है। मैंने अपने परिवार से बात की और उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल के पिता ने कहा- विजेताओं की तरह होना चाहिए स्वागत



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल में मैच में ब्रिटेन से हार कर भी जीत गई। महिला टीम ने अपने खेल से उन करोड़ों भारतीयों के दिलों को जीत लिया जो 2 हफ्ते पहले तक उन्हें हारा हुआ करार दिया था। भारतीय टीम के इस प्रदर्शन की पूरे देश में चर्चा हो रही है। भारतीय हॉकी टीम ब्रॉन्ज मेडल मैच में ब्रिटेन से 3-4 से हार गई। इस हार के बाद भी पूरे देश में भारतीय महिला हॉकी टीम की जमकर तारीफ हो रही है। हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल के पिता ने कहा, पूरी दुनिया आज भारतीय महिला हॉकी टीम के खेल को प्रशंसा कर रहा है, और इस टीम का स्वागत एक विजेता टीम की तरह होना चाहिए, क्योंकि ये इसकी हकदार है। उन्होंने टीम की तारीफ करते हुए कहा, इन लड़कियों ने लंबे अंतराल के बाद सेमीफाइनल में पहुंचकर नींव रखी है और कांस्य पदक मैच में उनकी हार उनके आगे की राह में रोड़ा नहीं बन सकती।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# महामारी के पांव

एक बार फिर कोरोना ने पांव पसारना शुरू कर दिया है। इसे लेकर स्वाभाविक ही चिंता उभरने लगी है कि कहीं यह तीसरी लहर की आहट तो नहीं। कोरोना की दूसरी लहर के थमने के बावजूद काफी समय से संक्रमण का आंकड़ा पैंतीस से चालीस हजार के बीच बना हुआ था, मगर पिछले चार दिनों से इसका रुख चालीस हजार से ऊपर बना हुआ है। शुक्रवार को यह चवालीस हजार से भी ऊपर पहुंच गया था। अभी तक देश में कुल संक्रमितों की आधी संख्या महाराष्ट्र और केरल से आ रही थी, अब अकेले केरल से आधे मामले दर्ज होने लगे हैं। दक्षिण के अन्य राज्य और पश्चिम बंगाल, ओड़ीशा तथा पूर्वोत्तर में भी अभी कोरोना का अपेक्षित उतार नहीं हो रहा। अब दिल्ली में भी मामले बढ़े हुए दर्ज होने लगे हैं। चिकित्सा विज्ञानियों का कहना है कि कोरोना का डेल्टा स्वरूप ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। फिलहाल 'आर फैक्टर' एक फीसद से नीचे नहीं आ रहा। इसकी दर एक फीसद से अधिक होने का अर्थ है कि कोरोना के मामले तेजी से बढ़ सकते हैं। इसलिए इस स्थिति को लेकर अधिक चिंता जताई जा रही है। दूसरी लहर थमने लगी, तभी से तीसरी लहर की आशंका जताई जाने लगी थी। लगातार लोगों को जरूरी एहतियात बरतने को कहा जाता रहा है। अब अमेरिका और यूरोपीय देशों में कोरोना की तीसरी लहर फैलनी शुरू हो गई है, इसलिए भी यहां इसके पांव पसारने की आशंका जताई जाने लगी है। हालांकि विदेशी उड़ानें फिलहाल बंद हैं, पर अपने देश में ही जब कोरोना का डेल्टा स्वरूप बना हुआ है, तो बाहर के बजाय भीतर से इसके संक्रमण का खतरा बना हुआ है। केरल आदि राज्यों में कोरोना पर काबू न पाए जा सकने की कुछ वजहें साफ हैं।



राम गोपाल सैनी

# बिजली बोर्ड में भर्ती के लिए 4 सितंबर से होगी परीक्षा

जयपुर (हमारा वतन) राजस्थान में बिजली कंपनियों में निकाली भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा 4 सितंबर से शुरू होगी। पहले चरण में JEN, AEN, सूचना सहायक, लेखाधिकारी और पर्सनल ऑफिसर के पदों के लिए परीक्षा होगी। उत्पादन निगम की ओर से निकाली गई 1075 इंजीनियर और नॉन टेक्निकल पदों के लिए 1.04 लाख आवेदन आए हैं। बिजली बोर्ड से मिली रिपोर्ट के मुताबिक, पहले चरण में सहायक अभियन्ता (AEN) के 39 पद, लेखा अधिकारी के 11, कार्मिक अधिकारी के 6, कनिष्ठ अभियन्ता (JEN) के 375, कनिष्ठ रसायनज्ञ के 27 पदों और सूचना सहायक के 46 पदों (कुल 504 पद) के लिए परीक्षा होगी। ये परीक्षा दो पारियों में 4, 5, 6, 9,10 और 12 सितंबर को होगी। इसके बाद द्वितीय चरण में JEN (इलेक्ट्रिकल) के 571 पदों पर परीक्षा कराई जाएगी।



इसकी डेट अलग से जारी की जाएगी।

**फरवरी और जून में हुए थे आवेदन**

प्रमुख शासन सचिव (ऊर्जा) दिनेश कुमार ने बताया कि राजस्थान की पांचों बिजली कंपनियों में इंजीनीयरिंग सेक्शन और नॉन टेक्निकल अधिकारी संवर्ग के कुल 1075 पदों पर भर्ती के लिए राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड ने 24 फरवरी से 16 मार्च और उसके बाद 7 से 21 जून तक आवेदन मांगे गए थे। इसमें करीब 1 लाख 4 हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

**प्रसारण निगम की भर्ती की परीक्षाएं होंगी बाद में**

उत्पादन निगम के अलावा राजय विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड की ओर से भी 1295 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए थे। इसमें सहायक कार्मिक अधिकारी, कनिष्ठ विधि अधिकारी, कनिष्ठ लेखाकार, आशुलिपिक एवं कनिष्ठ सहायक/वाणिज्यिक सहायक सेकेंड पद शामिल हैं। इसके लिए भी इसी साल मार्च में और फिर जून में आवेदन मांगे गए थे। इन पदों पर भर्ती के लिए परीक्षाएं बाद में कराई जाएंगी।

# राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलने पर कांग्रेस जनो में रोष

चूरू (हमारा वतन) राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदल कर मेजर ध्यानचंद खेल पुरस्कार करने पर चूरू जिला मुख्यालय आथुना मोहल्ला कांग्रेस वार्ड कार्यालय में कांग्रेस नेता जमील चौहान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ़ रोष व्यक्त किया गया ।

चौहान ने कहा विडंबना है की महान पुरुषों के नाम परिवर्तन करके यह सरकार क्या साबित करना चाहती है । पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश की एकता व अखंडता के लिए अपनी शहादत दे दी।केंद्र सरकार ने ओछी मानसिकता का परिचय दिया है । देश मे ऐसा कौन व्यक्ति है जो मेजर ध्यानचंद का नाम नही जानता । इससे बेहतर तो यह होता कोई नई योजना या बड़ा पुरस्कार उनके नाम पर होता । आज अगर मेजर ध्यानचंद जीवित होते तो इसे कतई पसन्द नही करते कि किसी का नाम हटाकर



उनका कर दिया जाए। इस कार्य की सभी ने निंदा की है । इस बैठक में सुबोध मासूम ,प्रदेश किसान कांग्रेस महासचिव विकास मील, हेमन्त सिहाग, हाजी निजामुद्दीन खान, इक़बाल रुकनखानी, विश्वनाथ सैनी, आबिद मोयल, मुबारक भाटी,मंगतूराम बागड़ा, जिला महिला कांग्रेस दीपिका सोनी, सुनीता बाकोलिया, ज्योति सिंह, सिराज जोईया, अब्बास अगवान, अली हसन गोरी, तैयब अली, असलम मोयल, सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ताओं ने निंदा प्रस्ताव पारित किया ।

# मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु गाजी फकीर की पदवी 'खलीफत- ए-पीर पगारा' मंत्री साले मोहम्मद को प्रदान की

जैसलमेर (हमारा वतन) पश्चिमी राजस्थान के सीमांत क्षेत्र की राजनीति की धुरी एवं मुस्लिम समुदाय के धर्मगुरु गाजी फकीर का इंतकाल 26 अप्रैल 2021 को होने पर सुपुर्द -ए- खाक के समय ही उनकी पदवी खलीफत-ए-पीर पगारा उनके जेष्ठ पुत्र राजस्थान के काबीना मंत्री साले मोहम्मद को देने की घोषणा तो कर दी गई थी । परंतु कोरोना लॉकडाउन के कारण उनका विधिवत आयोजन नहीं किया जा सका था ।

लॉकडाउन खत्म होने व शोक काल बीतने पर उनका विधिवत पदवी धारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें तमाम हिंदू - मुस्लिम भाइयों ने शिरकत कर सांप्रदायिक सद्भाव की अनूठी मिसाल कायम की ।

इस अवसर पर नए खलीपत - ए-पीर पगारा का शाल ओढ़ाकर महात्मा गांधी द्वारा 1919 में लिखित प्रवास हिंद स्वराज



समाजसेवी, सर्वोदय विचारक स्तंभकार किशन गिरी गोस्वामी ने अपने पोत्र पीयूष गिरी के साथ भेंट की ।

# सहायक राज्य आयुक्त ने किया पदभार ग्रहण

उदयपुर (हमारा वतन) हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य संभाग मुख्यालय उदयपुर के सहायक राज्य संगठन आयुक्त उदयपुर संभाग प्रदीप मेघवाल ने बताया कि बांसवाड़ा जिले की मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एंजेलिका पलात की पदोन्नति उदयपुर संभाग संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा के पद पर होने के अवसर पर संयुक्त निदेशक कार्यालय स्कूल शिक्षा उदयपुर संभाग पर संगठन के अधिकारियों एवं पदाधिकारियों के द्वारा सहायक राज्य आयुक्त उदयपुर संभाग हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स का पदभार ग्रहण करवाते हुए स्वागत एवं अभिनंदन किया गया ।



इस अवसर पर जिला प्रशिक्षक मुकेश कुमार, जिला सचिव मदनलाल वर्मा, जिला सचिव बांसवाड़ा यशवंत जोशी, संयुक्त सचिव मुकेश जैन, डिस्ट्रिक्ट ऑर्गेनाइजर भावना शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने हिंदुस्तान स्काउट गाइड की परंपरा अनुसार स्कार्फ पहनाकर एवं बुके भेंट कर मेवाड़ की पावन धरा पर स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की ।

# समाजसेवी रविकांत शर्मा के जन्म दिवस पर होगा ऐतिहासिक रक्तदान शिविर

चौमूं (हमारा वतन) पूर्व विधायक प्रत्याशी, समाजसेवी और एमडीएफसी बैंक के सीईओ रविकांत शर्मा के 30 वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर ऐतिहासिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । समाजसेवी रविकांत शर्मा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य की प्रेरणा से 23 अगस्त को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । सभी युवा युवाओं से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें ,ताकि किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सके ।



रक्तदान शिविर के संयोजक मुकेश जाट और व्यवस्थापक सोहन जाट ने बताया कि रक्तदान शिविर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तेजाजी की ढाणी, फतेहपुरा बांसा ,चौमूं चंदवाजी स्टेट हाईवे, टोल प्लाजा के पास आयोजित किया जाएगा । रक्तदाताओं को हेलमेट, स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया जाएगा ।

**खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।**
**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मोः 9352734588
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा